सतर्कता | जबलपुर जोन के आईजी ने कंट्रोल रूम में ली पुलिस अधिकारियों की बैठक, शहर का भी किया भ्रमण

संवेदनशील क्षेत्रों में रखी जाएगी विशेष नजर

नवभारत,कटनी। जबलपुर जोने के पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा ने पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। आईजी ने बैठक में आगामी नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा पर्व के शांतिपूर्ण और सकुशल आयोजन के लिए निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, धार्मिक आयोजनों और शोभायात्राओं में भीड़ प्रबंधन, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक के बाद आईजी ने पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा मॉनिटरिंग सिस्टम, डायल 112 रिस्पॉन्स सिस्टम और वायरलेस संचार व्यवस्था को देखा और अधिकारियों-कर्मचारियों को

आधुनिक तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने और सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, अप्रिय घटना या कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौती पर तत्काल संज्ञान लेकर प्रभावी और परिणामोन्मुख कार्रवाई की जाए। साथ ही पुलिस जन सहयोग को प्राथमिकता देते हुए विश्वास ओर सहभागिता का वातावरण निर्मित किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया सहित जिले के राजपत्रित अधिकारी मौजूद रहे।

इससे पहले आईजी ने दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से सुभाष चौक तक पैदल भ्रमण कर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हो। इसके बाद उन्होंने मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल गाटर घाट का निरीक्षण किया। यहां सुरक्षा इंतजाम, प्रकाश व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन की स्थिति की जानकारी ली गई और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। आईजी ने थाना कोतवाली का औचक निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं, अभिलेखों के रखरखाव, मालखाना, सीसीटीवी, हवालात और समग्र व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने थाना प्रभारी और पुलिसकर्मियों को आमजन की शिकायतों का तत्काल और न्यायसंगत निराकरण करने, थाना परिसर को स्वच्छ बनाए रखने और जनता से संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को हर समय सतर्क रहना चाहिए और क्षेत्र में प्रभावी गश्त और अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान दें, ताकि आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना बनी रहे। आगामी त्योहारों में शांति, सौहार्द और सुरक्षा बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया सहित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। दुर्गा पूजा और विसर्जन चल समारोह में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। पुलिस हर गतिविधि पर नजर रख रही है। साथ ही सोशल मीडिया की भी निगरानी की जा रही है।

अस्पताल में मरीजों और परिजनों को नहीं हो परेशानी

▶ कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

नवभारत कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने शनिवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में बेहतर साफ-सफाई और किचन में समुचित खाद्य प्रबंधन के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पूरे अस्पताल परिसर का भ्रमण कर गहन चिकित्सा कक्ष, बाह्य रोगी कक्ष, सर्जिकल वार्ड, मेटेरनिटी वार्ड और नवीन बिल्डिंग में बने शिशु रोग उपचार कक्ष का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने जिला अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन भवन को भी देखा। कलेक्टर ने बाह्य रोगी कक्ष और आकस्मिक चिकित्सा विभाग का निरीक्षण किया और गंदगी से भरे डस्टबिनों को देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देशित किया कि डस्टबिन भरने पर तत्काल खाली कराया जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक्सरे कक्ष में भीड़ प्रबंधन के लिए समुचित व्यवस्था करने सिविल सर्जन को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और यहां की इलाज व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली और जिला अस्पताल में समुचित स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि यहां उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

कलेक्टर ने सिविल सर्जन को आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीयन बढ़ाने की हिदायत भी दी। उन्होंने अस्पताल के सफाई निविदाकार के प्रतिनिधि को भी साफ-सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद रखने निर्देशित किया। इस दौरान डॉ सुनीता वर्मन, डॉ मनीष मिश्रा, डॉ नरेन्द्र झामनानी सहित नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहे।

एक नजर में

मैहर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए शिव भक्तों ने की भोजन व्यवस्था

नवभारत, बहोरीबंद। शारदेय नवरात्रि की पावन अवसर पर मैहर जाने वाली श्रद्धालुओं के लिए शिव भक्तों द्वारा आरके लॉज बहोरीबंद में ठहरने और भोजन प्रसाद सहित चाय, नाश्ते की नि:शुल्क व्यवस्था 17 सितंबर से 25 सितंबर तक की गई। साथ ही चार दिन तक कन्या भोज का भी का आयोजन किया गया।

29 से नए भवन से संचालित होगा एसडीएम का कार्यालय

नवभारत, कटनी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 18 सितंबर को लोकार्पित किए गए कटनी के नवीन संयुक्त तहसील कार्यालय भवन में 5 प्रमुख राजस्व कार्यालयों का संचालन सोमवार 29 सितंबर से शुरू हो जाएगा। नया भवन औद्योगिक क्षेत्र अमकुही झिंझरी स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय के पास स्थापित है। एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि नवीन संयुक्त तहसील कार्यालय भवन में एसडीएम कार्यालय कटनी, तहसीलदार कटनी नगर, तहसीलदार कटनी ग्रामीण, नायब तहसीलदार मुडवारा-2 मझगवां-कन्हवारा और नायब तहसीलदार पहाड़ी के कार्यालयों का संचालन होगा।

मां वीरासन मंदिर में देवी जागरण कल

नवभारत, उमरियापान। मां वीरासन देवी मंदिर में नवरात्र के दौरान प्रतिदिन ही भक्तो के माध्यम से पूजन अर्चन, हवन महा आरती के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। रविवार को पाली से मां वीरासन देवी मंदिर पैदल 51 फूट की चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पंडित शैलेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में भक्त मंडल सिलौंडी राधा कृष्ण मंदिर धरम पुरा से मां वीरासन देवी मंदिर झंडा यात्रा और चुनरी यात्रा सुबह 8 बजे शुरू होगी। 29 सितंबर को मां वीरासन देवी मंदिर में भंडारा और रात में प्रसिद्ध गायक संजो बघेल देवी जागरण किया जाएगा।

मंत्री ने माफी नहीं मांगी तो आंदोलन करेगी कांग्रेस

▶ महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

नवभारत,कटनी। प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर राजनीतिक विवाद बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस ने इस बयान पर कड़ा रुख अपनाते हुए विजयवर्गीय से माफी मांगने की मांग की है। जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रजनी वर्मा ने जिला कांग्रेस कमेटी शहर और ग्रामीण के तत्वावधान में शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता कहा कि भाजपा का असली चेहरा सामने

आ गया है। उन्होंने भाजपा को महिला विरोधी पार्टी बताते हुए आरोप लगाया कि उनके नेता हमेशा महिलाओं और बच्चियों को लेकर अभद्र टिप्पणियां करते रहे हैं। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मंत्री विजयवर्गीय ने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को भी बदनाम किया हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उनके इस बयान की कड़ी निंदा करती है और मंत्री विजयवर्गीय माफी नहीं मांगते हैं, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन किया जाएगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा भाजपा सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की टिप्पणी से उनकी ओछी मानसिकता का पता चलता है। इस अवसर पर कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व शहर अध्यक्ष प्रियदर्शन गौर, राजा जगवानी सहित अन्य मौजूद रहे।

अवैध शराब विक्रय पर लगे रोक, अस्पताल में बेहतर करें स्वास्थ्य सुविधाएं

▶ शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कलेक्टर को पत्र सौंपकर की मांग

नवभारत कटनी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला के नेतृत्व में कलेक्टर को तीन अलग-अलग पत्र सौंपकर जनहित से जुड़े गंभीर मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया है। पत्र के माध्यम से बताया गया है कि ग्राम कन्हवारा सहित शहर में खुलेआम अवैध शराब बिक्री और पेकारी संचालित हो रही है। साथ ही पंजीकृत शराब दुकाने देर रात तक खुली रहती हैं, जिससे महिलाओं, बच्चों और आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, कानून व्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है। कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि

अवैध शराब बिक्री और पेकारी पर तत्काल रोक लगाई जाए। पंजीकृत दुकानों को समय सीमा के बाद खुला रखने पर प्रतिबंध लगे। दोषियों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि ठोस कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस पार्टी द्वारा जनहित में आंदोलन किया जाएगा। वहीं दूसरे पत्र में जिला अस्पताल में में व्याप्त अव्यवस्था को सुधारने, लापरवाह डॉक्टरों और कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

पत्र में बताया गया है कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन काफी संख्या में मरीज इलाज और जांच के लिए आते हैं, लेकिन समय पर इलाज और जांच रिपोर्ट नहीं मिलने से उनकी हालत और गंभीर हो जाती है। कांग्रेस कमेटी की मांग है कि मरीजों को समय पर इलाज और जांच सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जांच रिपोर्ट निर्धारित समय पर दी जाए। डॉक्टरों और स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

लापरवाह कर्मचारियों और अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। नवरात्रि पर्व को देखते हुए तीसरे पत्र में नगर की स्वच्छता और पेयजल व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि नगर निगम विशेष सफाई अभियान चलाए। धार्मिक स्थलों और पंडालों के आसपास सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। अतिरिक्त टैंकर उपलब्ध कराए जाएं। तत्काल प्रभाव से विशेष सफाई दल तैनात किए जाएं।

विधायक ने ग्रामीण व्यापारियों को बताए जीएसटी रिफार्म के फायदे

▶ सिलौंडी बाजार में दुकान-दुकान जाकर व्यापारियों से मिले विधायक

नवभारत उमरियापान। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सिलौड़ी गांव के विकास में श्रमदान का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, सरपंच श्रीमती पंचों बर्मन, उपसरपंच राहुल राय, मंडल उपाध्यक्ष अमित राय, मंडल संयोजक अनिल पांडे, नायब तहसीलदार नरेंद्र खरे ने नमो पार्क में एक घंटे का श्रमदान दिया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम पर लगाया गया। उपसरपंच राहुल राय ने सभी को स्वच्छता की शपथ

दिलाई । इसके बाद बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने सिलौंडी मुख्य बाजार में राय मेडिकल, न्यू अजय मेडिकल, सुभाष चंद्र जैन किराना स्टार्स में जाकर दुकानदारों से एक-एक कर मुलाकात की। जीएसटी दरों में राहत को लेकर व्यापारियों से चर्चा की। व्यापारियों ने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती को ऐतिहासिक कदम बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक से मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने कहा कि जीएसटी कम होने से कारोबार सुगम होगा और ग्राहकों को सस्ता सामान मिलेगा। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने बाजार में दुकानदारों और स्थानीय लोगों से मिलकर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा, अरविंद तिवारी, मंडल महामंत्री राजा दहिया, सदन तिवारी,मोती हल्दकार,गणेश राय, पटवारी विश्वनाथ बागरी, सचिव गुमान सिंह बागरी, रोजगार सहायक अमरीश राय सहित अन्य की उपस्थिति रही।

घर के आस-पास रखें सफाई, स्वच्छता को आदत बनाएं

▶ सेवा ही स्वच्छता अभियान के तहत लगाए गए पौधे

नवभारत उमरियापान। बड़वारा विधानसभा के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विकासखंड ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत कछारगांव बड़ा पहुंचकर नमो वन और एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत औषधीय प्रजाति का पौधा रोपित किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों नागरिकों, ग्रामीणों और अधिकारियों- कर्मचारियों की मौजूदगी में पार्क में साफ सफाई कर श्रम दान किया। सामूहिक भागीदारी द्वारा श्रमदान से साफ सफाई की गई। विधायक बड़वारा ने उपस्थित जन समुदाय को स्वच्छता की शपथ

दिलाई। उन्होंने नागरिकों से अपने घर और घर के आसपास स्वच्छता अपनाने पर जोर दिया। विधायक ने कहा कि स्वच्छता को हमें अपनी आदत बनाना होगा। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से लगाए गए पौधों की देखभाल करना हम सब की जिम्मेदारी है। सेवा अभियान के अंतर्गत जनपद क्षेत्र ढीमरखेड़ा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता गतिविधियों की जा रही है। इस अवसर पर विधायक ने स्थानीय निवासी परसराम लोधी को ट्राई साइकिल दी। उन्होने तहसील कार्यालय सिंलोड़ी परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधारौपण कर पर्यावरण संरक्षित रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, जितेंद्र अरोरा, अनिल बागरी, सहायक यंत्री अजय केसरवानी, बीसी एसबीएम संतोष पाठक सहित अन्य की उपस्थित रही।

रोका गया माई नदी घाट पर कराए जा रहा निर्माण

▶ जानकारी मिलने के बाद नगर निगम की टीम ने की कार्रवाई, सामग्री जब्त

नवभारत, कटनी। माई नदी के घाट किनारे अवैध पक्का निर्माण कार्य कराए जाने की जानकारी मिलने के बाद नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए कार्य को रोक दिया है। नगर निगम की टीम ने वहां पर रखी निर्माण सामग्री को भी जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार लंबे समय से नदी किनारे निर्माण के प्रयास किए जा रहे हैं, शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार नगर निगम कर्मचारियों द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही थी।

इस बीच निर्माण कराए जाने की सूचना नगर निगम आयुक्त को दी गई। जिस पर आयुक्त ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए वहां पर नगर निगम की टीम भेजी। जिसके बाद नगर निगम की टीम ने कराए जा रहे निर्माण पर रोक लगा दी है। साथ ही निर्माण स्थल पर रखी सामग्री को जब्त भी कर लिया गया है। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नदी घाटों और जल स्त्रोतों के पास किसी भी प्रकार का पक्का निर्माण प्रतिबंधित है। यह न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि नदी के प्राकृतिक प्रवाह और सौंदर्य पर भी असर डालता है।

आदर्श कॉलोनी में होगा सड़क निर्माण, मिलेगी आवागमन की बेहतर सुविधा

▶ महापौर की उपस्थिति में कराया गया भूमिपूजन

नवभारत कटनी। जनसुविधाओं के विस्तार और नगर के सर्वांगीण विकास के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन में नगर निगम द्वारा लगातार विकास कार्य कराए जा रहे है। इन्ही प्रयासों की श्रृंखला में जयप्रकाश वार्ड के आदर्श कॉलोनी में 8 लाख 89 हजार की लागत से बनाई जाने वाली सीसी सड़क का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मेयर इन काउंसिल सदस्य और स्थानीय स्थानीय पार्षद सुभाष शिब्बू साहू

और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में भूमि पूजन कराया।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि नगर निगम प्रशासन का संकल्प है कि प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहे और नागरिकों को बेहतर आवागमन के साथ ही साफ-सुथरा, सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

विकास अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है, इनका लाभ नागरिकों को लंबे समय तक मिले इसके लिए आपकी भी जिम्मेदारी है कि सड़क निर्माण के दौरान निगम का सहयोग करें। अच्छी तरह से सड़क बन जाने के बाद ही उसका उपयोग करें।

सड़क निर्माण की वर्षों पुरानी समस्याओं से निजात मिलने पर क्षेत्रीय निवासियों द्वारा हर्ष जाहिर करते हुए महापौर का शाल और पुष्पमाला से स्वागत किया गया। साथ ही आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि इसी तरह आगे भी क्षेत्र को नई सौगातें मिलती रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, गोविंद चावला, पार्षद सीमा श्रीवास्तव सहित स्थानीय नागरिकों की उपस्थित रही।

सौगात | एक करोड़ 92 लाख की लागत से बनाया जाएगा सर्वसुविधायुक्त स्कूल भवन, महापौर की उपस्थिति में हुआ भूमिपूजन

नए स्कूल भवन में स्मार्ट क्लास रूम, कंप्यूटर लैब और पेयजल की होगी बेहतर व्यवस्था

नवभारत,कटनी। नगर निगम के स्वामित्व अंतर्गत आने वाले स्कूलों सहित नगर के शासकीय स्कूलों में भी शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने और छात्रों को आधुनिक पठन-पाठन की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में ए रविन्द्र राव उच्चतर माध्यमिक शाला में 1 करोड़ 92 लाख से अधिक की लागत से सर्वसुविधायुक्त आधुनिक स्कूल भवन का निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने निगमाध्यक्ष मनीष पाठक और स्थानीय पार्षद श्रीमती पैरवी बिट्टू की मौजूदगी में कराया गया। इस अवसर पर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए लगातार प्रयास किए जा रहे है। ए रविन्द्र राव स्कूल में नए भवन के निर्माण और कक्षा आठवीं तक अंग्रेजी माध्यम से कक्षाओं के संचालन किए जाने का वादा उनके संकल्प पत्र में शामिल था। नागरिकों और छात्रों से कम शुल्क में अच्छी शिक्षा प्रदान करने का वादा अब जल्द पूरा हो जाएगा। कार्य पूरा होने से विद्यालय में कक्षाओं की संख्या में वृद्धि, स्मार्ट क्लास रूम, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, सुरक्षित पेयजल व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय और खेलकूद की समुचित सुविधाएं उपलब्ध होंगी। महापौर ने कहा शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति और उज्जवल भविष्य की सबसे सशक्त नींव है। इसी दृष्टिकोण से नगर निगम द्वारा ए रविन्द्र राव गुलाब चंद स्कूल में लगभग 1.92 करोड़ रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त नवीन भवन निर्माण की योजना को मूर्त रूप देने भूमिपूजन किया गया है। महापौर ने कहा कि इस भवन के निर्माण से न सिर्फ बच्चों को बेहतर पठन-पाठन की सुविधाएं उपलब्ध होंगी, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित, आधुनिक और प्रेरणादाई वातावरण भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि यह भवन आने वाले वर्षों में असंख्य छात्रों के सपनों को आकार देगा और हमारे शहर के शैक्षिक स्तर को और ऊंचाई प्रदान करेगा। महापौर ने कार्यक्रम के दौरान निर्माणाधीन भवन स्थल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने सहायक यंत्री सुनील सिंह क्षेत्रीय उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी से स्कूल भवन निर्माण की तकनीकी जानकारी से अवगत होते हुए छात्रों की सुविधा हेतु बनाए जा रहे इस स्कूल भवन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करने के निर्देश देते हुए तय समयसीमा में स्कूल भवन का निर्माण कार्य पूरा कराए जाने की बात कही। भूमिपूजन कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, सुरेन्द्र गुप्ता सहित अन्य की उपस्थिति रही।

कम प्रगति पर सीईओ ने जताई नाराजगी, नोटिस जारी

नवभारत कटनी। जिला पंचायत की सीईओ तपस्या परिहार ने एक बगिया मां के नाम अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी और परियोजना अधिकारी, सभी जनपद पंचायतों से समन्वय बनाकर निगरानी करते हुए लक्ष्य के अनुसार प्रगति लाएं। जिला पंचायत सीईओ ने एक बगिया मां के नाम की प्रगति की जनपद पंचायत वार जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ ने समीक्षा करते हुए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री को प्रगति लाने में लापरवाही बरतने वाले उपयांत्रियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने निर्धारित लक्ष्य की तुलना में कम प्रगति पाए जाने पर नाराजगी जताई। आजीविका मिशन के ब्लॉक प्रबंधकों को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश आजीविका मिशन की जिला परियोजना प्रबंधक को देकर जवाब तलब किया है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024